विवरणिका 2020-21

PROSPECTUS

(प्रवेश, अनुशासन, उपस्थिति, अध्ययन व अध्यापन नियम)

राजेन्द्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय टटाऊ, बड़कोट (उत्तरकाशी)

आवेदन पत्र सहित मूल्य रु. 50/-

शैक्षणिक कैलेन्डर 2020–2021

(Academic Calendar 2020-2021)

1. प्रवेश आवेदन पत्र विक्रय एवं जमा की प्रारम्भ तिथि: 14.08. 2020

2. शैक्षिक सत्र प्रारम्भ की तिथि – 01.09.2020

3. विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश :-

बी.ए./बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

(अ) प्रवेश आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि: 25.08.2020

(ब) प्रवेश के लिए मेरिट का प्रकाशन की तिथि : 28.08.2020

(स) प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि: 10.09.2020

(द) प्रवेश शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि : 12.09. 2020

बी.ए./बी.एस.सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष

(अ) प्रवेश आवेदन–पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि :

(विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ववती परीक्षा के अंक–पत्र निर्गत होने की तिथि से 10 दिनों के अन्तर्गत अथवा वि.वि. द्वारा परीक्षा परिणाम नेट पर प्रदर्शन के 10 दिन के अन्तर्गत, जो भी पहले हो।)

(ब) उक्त कक्षाओं के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि : प्रवेश के तीन दिन के अन्दर

(स) प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों की सूची को विश्वविद्यालय प्रेषित करने की अन्तिम तिथि : प्रवेश के अन्तिम तिथि से 10 दिनों के अन्तर्गत

4. शिक्षण कार्य प्रारम्भ की तिथि:– 15.09. 2020

5. वार्षिक अवकाश तथा कार्य दिवस का विवरण :–

(अ) सम्पूर्ण दिवस 365 दिन

(ब)रविवार 52 दिन

(स) कुल राजकीय अवकाश (सार्व./स्था./निर्व.) 21 दिन

(द) वैकेशन(शीतकालीन/ग्रीष्मकालीन) 60 दिन

(य) सम्पूर्ण कार्य दिवस 228 दिन

1

उद्भव एवं विकास

(Inception and Development)

पुण्य सलिला मां यमुना के पार्श्व में मनोरम पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में बसा हुआ, पावन धाम यमुनोत्री का प्रवेश द्वार, पौराणिक राजा सहस्त्रबाहु की नगरी जहां पर पौराणिक मान्यता के अनुसार 101 जलकुण्ड एवं यज्ञ कुण्ड थे जिनमें से पाँच कुण्ड आज भी प्रत्यक्ष रूप से विद्यमान हैं। जहाँ के आराध्य चन्द्रेश्वर महादेव एवं अष्टभुजा धारणी मां अट्टासिणी है, तथा उत्तराखण्ड का प्रथम शहीद स्थल तिलाड़ी जिसके पार्श्व में अवस्थित है। ऐसी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व वाली पुनीत धरा बड़कोट में 15 अक्टूबर 1993 को राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई। शासनादेश के अनुसार उस वक्त एक प्राचार्य, पाँच विषयों -हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास एवं राजनीतिक शास्त्र में एक-एक प्रवक्ता तथा शिक्षणेत्तर वर्ग में एक वरिष्ठ लिपिक, एक पुस्तकालय लिपिक, एक अर्दली एवं एक अनुसेवक का पद स्वीकृत हुआ। स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु सत्र 2014-15 में शासनादेश जारी हुआ।

महाविद्यालय में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार पूर्व मानक के तहत बी.ए. प्रथम में प्रति विषय 80 सीट PCM तथा 60 सीट ZBC में होगी। सीमित संसाधनों के बावजूद महाविद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित होती है। 1996 में इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई प्रारम्भ हुई जो कि आज बढ़कर दो हो गई है। वर्ष 2018-19 से स्थानीय युवाओं के हित में महाविद्यालय में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के केन्द्र का संचालन शुरू किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयेग (यू.जी.सी.) से 2 एफ/12 बी की मान्यता वर्ष 2012-13 से प्राप्त हो गयी है। जिससे शोध सम्बन्धी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

2.

सम्बद्धता

(Affiliation)

श्रीदेव सुमन, उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इस राजकीय महाविद्यालय में सनातक विज्ञान संकाय एवं कला संकाय में प्रवेश, पाठ्यक्रम, परीक्षा और अनुशासन हेतु विश्वविद्यालय एवं शिक्षा निदेशालय द्वारा समय-समय पर निर्गत नियम/ आदेश/निर्देश प्रभावी होते हैं। बी.ए. पंचम वर्ष एवं षष्ठम सेमेस्टर में प्रवेश पाठ्यक्रम व परीक्षा हेतु हे.न.ब. गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर के दिशा निर्देश प्रभावी होंगे।

3.

महाविद्यालय में प्रवेश हेतु सामान्य नियम एवं निर्देश

(General Rules Regulation for Admission)

1. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र (विवरणिका सहित) निर्धारित शुल्क देने पर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सभी प्रविष्टियों की पूर्ति के पश्चात् आवेदन-पत्र को निर्धारित तिथि तक पंजीकरण शुल्क के साथ महाविद्यालय में

निर्दिष्ट स्थान पर जमा करेंगे। संलग्नकों के अभाव में आवेदन-पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे। प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाहियों की जानकारी हेतु महाविद्यालय का सूचनापट्ट देखते रहें।

2. प्रवेशार्थी प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ निम्न प्रमाण-पत्रों को अवश्य संलग्न करें। प्रमाण-पत्र के अभाव में आवेदन पर विचार सम्भव नहीं होगा ।

(अ) चरित्र प्रमाण-पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र मूल रूप से संलग्न करना होगा। संस्थागत अभ्यर्थी हेतु अन्तिम संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र तथा व्यक्तिगत रूप में रह चुके अभ्यर्थी के लिए किसी राजपत्रित अधिकारी, सांसद, विधानसभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य, नगरपालिका, नगर पंचायत अथवा जिला परिषद् के अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।

(ब) विगत समस्त परीक्षाओं के अंक-पत्रों एंव प्रमाण-पत्रों की सत्यापित/स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी तथा इन सभी के मूल प्रमाण-पत्र साक्षात्कार के समय प्रवेशार्थी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने होंगे ताकि अंक-पत्रों तथा प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों का सत्यापन किया जा सके।

(स) आयु प्रमाण पत्र के लिये हाईस्कूल प्रमाण-पत्र की सत्य प्रतिलिपि/स्वप्रमाणित संलग्न करनी होगी।

(द) प्रवेशार्थी के पासपोर्ट आकार के नवीनतम दो रंगीन फोटो होनी चाहिए।

(य) अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किया हुआ ही मान्य होगा तथा इसी के आधार पर वे उक्त जातियों हेतु उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

(र) खेल-कूद, एन.एस.एस/एन.सी.सी. तथा पाठ्येत्तर क्रिया-कलापों सम्बन्धी प्रमाण-पत्रों की सत्यापित /स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ।

3. बी.ए. द्वितीय तथा तृतीय वर्ष में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिए प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ विगत परीक्षा के अंक-पत्र की सत्यापित/स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं पासपोर्ट आकार के नवीनतम दो फोटो आवश्यक है आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को आरक्षण के सम्बन्ध में शासन/वि.वि. द्वारा निर्गत निर्देश/नियम लागू होंगे।

4. प्रवेश आवेदन-पत्रों पर प्राचार्य द्वारा गठित प्रवेश समिति विचार करेगी तथा प्रवेशार्थियों को सूचना पट्ट पर सूचना देकर साक्षात्कार हेतु सूचित किया जायेगा। प्रवेशार्थी को साक्षात्कार के समय मूल प्रमाण-पत्रों सहित उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार की तिथि को अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी का प्रवेश हेतु दावा बाद में स्वीकार्य नहीं होगा, चाहे प्राप्तांक का प्रतिशत उच्च ही क्यों न हो।

5. प्रवेश हेतु स्वीकृत अभ्यार्थियों की सूची महाविद्यालय सूचनापट्ट लगा दी जायेगी। ऐसे छात्र बैंक में शुल्क जमा करके रसीद पर अंकित विषयों के प्राध्यापकों से रसीद पर हस्ताक्षर प्राप्त कर कक्षाओं में नाम लिखायेंगे। नियत तिथि तक शुल्क जमा न करने पर प्रवेश संस्तुति स्वत: निरस्त हो जायेगी।

6. प्रत्येक कक्षा में प्रवेश, स्थानों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए योग्यता क्रम में दिया जायेगा।

7. प्राचार्य किसी भी प्रवेश आवेदन-पत्र को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर सकते हैं।

8. संस्थागत छात्र/ छात्राओं को कुल देय व्याख्यानों (लेक्चर्स) में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। उपस्थिति प्रतिशत कम होने पर छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। उपस्थिति प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि से गिनी जायेगी।

9. प्रवेशार्थी को दो प्रकार के शपथ पत्र भरने होंगे। एक रैंगिग सम्बन्धी और दूसरा 75 प्रतिशत उपस्थिति सम्बन्धी नियत स्थान पर अभ्यर्थी/अभिभावक के हस्ताक्षर होने आवश्यक है।

10. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता प्राप्त विद्यार्थी को योग्यता (मेरिट्) के आधार पर महाविद्यालय में निर्धारित सीटों के अनुसार प्रवेश दिया जायेगा।

11. अवांछित एवं आपराधिक कृत्यों में लिप्त अभ्यर्थियों को एवं अनुचित साधन के अन्तर्गत दण्डित छात्रों को प्रवेश देय नहीं होगा।

12. बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी एवं बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी के लिए इण्टर (विज्ञान) में न्यूनतम 45% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को अर्हता में 5 प्रतिशत

की छूट होगी। परन्तु ध्यान रहे कि 39.9 को 40.00 प्रतिशत तथा 34.9 को 35.0 प्रतिशत नहीं माना जायेगा। बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों के अर्हता में 5 प्रतिशत की छूट होगी। परन्तु ध्यान रहे कि 49.9 प्रतिशत तथा 39.9 को 40 प्रतिशत नहीं माना जायेगा।

13. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थियों की आरक्षण की सुविधा उत्तराखण्ड शासनादेश संख्या 1144/कार्मिक-2.2001-53(1)/2001 द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार अनुमन्य होगी। जो इस प्रकार है- अनुसूचित जाति 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 4 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 14 प्रतिशत। इसके अतिरिक्त उपरोक्त श्रेणियों एवं सामान्य श्रेणी के प्रवेश में निम्न प्रकार से हॉरिजन्टल आरक्षण अनुमन्य होगा। महिलायें 30 प्रतिशत, भूतपूर्व सैनिक 5 प्रतिशत, विकलांग व्यक्ति 4 प्रतिशत तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित 2 प्रतिशत होंगे।

14. अनुत्तीर्ण/ड्रॉप-आउट अथवा किसी अन्य कारण से परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले छात्रों को पुनः उसी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। ड्रॉप-आउट से तात्पर्य है कि छात्र द्वारा विधिवत् प्रवेश लेने के पश्चात पूरे सत्र में अध्ययन किया हो और किसी कारणवश परीक्षा में सम्मिलित न हुआ हो। संकाय बदलने पर एक बार प्रवेश दिया जा सकता है।

15. एक बार प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जिनका प्रवेश नहीं हो सका है, यदि अन्यत्र प्रवेश लेने के पश्चात् स्थानान्तरण से प्रवेश चाहता है तो उसको प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

16. स्थानान्तरण के कारण सेवारत कर्मचारियों के पाल्यों (पुत्र/पुत्री/पत्नी) के प्रवेश आवेदन-पत्र पर तभी विचार किया जायेगा, जब स्थान रिक्त हो तथा उन्होंने जनपद में कार्यभार ग्रहण कर लिया हो। ऐसे कर्मचारियों को कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि भी आवेदन-पत्र के साथ जमा करनी होगी।

17. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (पूर्व में रा.मु.वि.) मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के सीनियर सेकेण्डरी स्कूल (10+2) तथा पाँच विषयों सहित उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्नातक प्रथम वर्ष में नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।

18. संस्थागत छात्र एक ही सत्र में अन्य किसी शिक्षा संस्थान में प्रवेश नहीं लेगा और न ही अन्य उपाधि हेतु परीक्षा में सम्मिलित होगा। यदि कोई छात्र/छात्रा इस नियम का उल्लंघन कर अन्य परीक्षा में सम्मिलित होता है/हो तो विश्वविद्यालय द्वारा उनकी यह परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। उदाहरणार्थ बी.ए. में अध्ययनरत संस्थागत छात्र/छात्रा बी.टी.सी./पॉलिटैक्निक/फार्मेसी/आई.टी.आई. आदि की कक्षाओं में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। (वि.वि. के एड्-ऑन पाठ्यक्रमों एवं इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को छोड़कर)

19. यदि कोई अभ्यर्थी दूसरे महाविद्यालय से इस महाविद्यालय में प्रवेश चाहता है अथवा पूर्ववर्ती परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण की हो और बी.ए. द्वितीय/तृतीय में प्रवेश लेना चाहता है तो उसके न्यूनतम प्राप्तांक कला वर्ग के लिए 40 प्रतिशत एवं अनुजनजाति 35 प्रतिशत होना चाहिए। साथ ही सीट की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश सम्भव होगा।

20. महाविद्यालय में कैजुअल एडमिशन का कोई प्राविधान नहीं है।

21. शासन अथवा विश्वविद्यालय से वर्तमान सत्र हेतु अतिरिक्त प्रवेश नियम प्राप्त होने पर तद्नुसार आवश्यक परिवर्तन कर दिया जायेगा।

22. सभी कक्षाओं में प्रवेश के लिये 90 प्रतिशत सीटें उत्तराखण्ड के निवासियों के लिये होगी। उत्तराखण्ड से बाहर के अभ्यार्थियों को अधिकतम 10 प्रतिशत स्थानों पर इस प्रतिबन्ध के साथ ही प्रवेश मिल सकेगा कि वे वरीयता सूचकांक में अर्ह होंगे।

23. वाह्य अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी जिन्होंने कि पूर्ववर्ती परीक्षा व्यक्तिगत रूप में उत्तीर्ण की हो और वह पहली बार कक्षा में प्रवेश लेना चाहते हैं तो अर्हता रखने के साथ-साथ प्रवेश आवेदन-पत्र पर पूर्ववती परीक्षा का अंक पत्र, हाईस्कूल व इण्टरमीडिएड परीक्षाओं के अंक-पत्र, हाईस्कूल के प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि तथा चरित्र प्रमाण-पत्र एवं स्थानानतरण प्रमाण-पत्र की मूल प्रतियाँ अवश्य संलग्न करें।

24. शासकीय आदेश सं. अं.शा. 2421/15.10.85-15/134/86 दिनांक 8 मई, 1987 के अनुसार अवांछनीय तत्वों अथवा अध्ययन में रूचि न रखने वाले छात्र/छात्राओं को प्रवेश से वंचित किया जा सकता है। यदि प्रवेश दिया जा चुका है तो तथ्य का पता लगने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
25. उत्तराखण्ड प्रदेश से बाहर के अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय अपना पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
26. कश्मीरी विस्थापित अभ्यार्थियों को प्रवेश तिथि में 30 दिनों की छूट के साथ-साथ न्यूनतम निर्धारित अंकों में प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत की छूट देय होगी।
27. सभी प्रवेशार्थियों को प्रवेश आवेदन-पत्र में पिता के साथ-साथ माता का नाम भी लिखना अनिवार्य है।
28. महाविद्यालय का कोई भी छात्र किसी दूसरे छात्र का अभिभावक नहीं बन सकता है।
29. महाविद्यालय किसी प्रवेशार्थी को प्रवेश एवं शिक्षण सम्बन्धी कोई सूचना अलग से देने के लिए बाध्य नहीं होगा। प्रवेशार्थी/विद्यार्थी को संस्था के सूचना पट्ट तथा शिक्षण सम्बन्धी सूचनायें देखते रहना चाहिए।
30. प्राचार्य को, बिना कोई कारण बताये प्रवेश न देने/निरस्त करने का अधिकार है।
31. मिथ्या, भ्रामक एवं अपूर्ण सूचनायें प्रस्तुत करने पर किसी भी छात्र-छात्रा को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है। यदि त्रुटिवश या गलत तथ्यों के आधार पर किसी छात्र-छात्रा को प्रवेश दिया गया हो, तो ऐसे तथ्यों के प्रकाश में आने पर इस अनियमित प्रवेश को निरस्त किया जा सकेगा।

32. प्रवेश प्रक्रिया/योग्यता निर्धारण :-

निम्नलिखित श्रेणी के प्रवेशार्थी प्रवेश के पात्र नहीं होंगे :-

(अ) एक बार किसी कक्षा में प्रवेश लेने पर किसी कारणवश परीक्षा में सम्मिलित न होना अथवा अनुत्तीर्ण हो जाने पर उसी कक्षा में प्रवेश हेतु
(ब) विगत वर्षों में अनुशासन मण्डल/प्राचार्य की दृष्टि में आचरण सन्तोषजनक रहना।
(स) अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत दण्डित रहना अथवा कानून द्वारा दण्डित किया जाना।
(द) इण्टर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् दो वर्ष से अधिक व्यवधान (गैप पीरियड) होने पर।
(य) स्नातक स्तर पर एक कक्षा में उत्तीर्ण हो जाने पर विषय बदलकर उसी कक्षा में प्रवेश लेना।
(र) इण्टर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात व्यवधान (गैप पीरिएड)होने पर ऐसे अभ्यर्थी के मेरिट सूची बनाते समय सूचकाँक में से 2 अंक प्रतिवर्ष की दर से कम कर दिये जायेंगे।

33. गत वर्ष के महाविद्यालय के संस्थागत छात्रों के लिये प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ मात्र विगत परीक्षा के अंक-पत्र की सत्यापित एवं दो पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ यथा स्थान संलग्न करना अनिवार्य है।
34. यदि कोई प्रवेशार्थी न्यूनतम अर्हता न होते हुए भी प्रवेश प्राप्त कर लेता है तो जाँच के उपरान्त उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
35. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा संलग्न प्रमाण-पत्र जाली पाये जाते हैं तो उसका प्रवेश निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्राचार्य को होगा तथा ऐसे प्रवेशार्थी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
36. महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं को पूर्णत:अनुशासित रहकर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत अधिनियमों, अध्यादेशों, विनिमयों तथा अन्य निर्देशों का सम्यक पालन करना होगा तथा वे किसी भी अवांछनीय अथवा असामाजिक गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे एवं रैंगिग में संलिप्त नहीं पाये जायेंगे। उक्त की अवहेलना करने पर उन्हें महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रावधानों के अनुसार निष्कासित अथवा दण्डित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन का निर्णय अन्तिम होगा।

सत्र 2020-21 में स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. में चार विषयों (भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र व संस्कृत) के लिए शासनादेश जारी हुआ। इस प्रकार वर्तमान में महाविद्यालय में 01 प्राचार्य, 14 प्राध्यापक, 04 कार्यालय लिपिक संवर्ग, 5 प्रयोगशाला सहायक, 03 अनुसेवक, 05 प्रयोगशाला परिचर सहित कुल 32 पर स्वीकृत हैं।

महाविद्यालय स्तर पर संकायवार सीटों की उपलब्धता

कलासंकाय

क्रम.	विषय	स्नातक प्रथम वर्ष
1	हिन्दी	80
2	अर्थशास्त्र	80
3.	इतिहास	80
4.	अंग्रेजी	80
5.	राजनीतिशास्त्र	80
6.	समाजशास्त्र	80
7.	संस्कृत	80
8.	भूगोल	60
9.	गृहविज्ञान	60

विज्ञान संकाय

क्रम.	विषय	स्नातक प्रथम वर्ष
1.	भौतिक विज्ञान	60
2.	रसायन विज्ञान	120
3.	गणित	60
4.	जन्तु विज्ञान	60
5.	वनस्पति विज्ञान	60

अभिभावक द्वारा उपस्थिति हेतु शपथ–पत्र

(Affidavit For Attendance)

महाविद्यालय प्रशासन को मैं शपथपूर्वक यह आश्वस्त करता हूँ/ करती हूँ कि संस्थागत छात्र/छात्रा के रूप में मेरे पाल्य द्वारा चयनित प्रत्येक विषय में उसकी उपस्थिति कम से कम 75% रहेगी। 75% से कम उपस्थित रहने की दशा में यदि मेरे पाल्य को विश्वविद्यालय की संस्थागत परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाता है अथवा संस्थागत छात्र/छात्रा के रूप में मिलने वाली सुविधाओं से वंचति किया जाता है अथवा लगातार 15 दिन अनुपस्थित रहने पर महाविद्यालय में प्रवेश निरस्त किया जाता है तो इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी और इसके लिये मैं न्यायालय में कोई वाद दायन नहीं करूंगा/करूँगी।

दिनाँक :-

पिता/संरक्षक के हस्ताक्षर (प्राचार्य के समक्ष)

पता:

दूरभाष संख्या :

नोट: प्रत्येक महीने के अन्त में जिन छात्र–छात्राओं की उपस्थिति कम रहेगी उनके नामों की सूची सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी जायेगी। ऐसे सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा अण्डर–टेकिंग देने पर एक बार छूट दी जा सकती है। अन्यथा ऐसे सभी पंजीकृत विद्यार्थियों के नाम छात्र पंजिका से काट दिये जायेंगे और तब ऐसी दशा में ये विद्यार्थी संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भर सकेंगे।

स्नातक कक्षाओं में प्रवेश तथा योग्यता निर्धारण

1. प्रत्येक महाविद्यालय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों के अनुसार ही प्रवेश देंगे।
2. स्नातक स्तर पर प्रवेश मेरिट के आधार पर दिये जायेंगे। वे विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्धारित की गई अन्तिम तिथि से पहले सारी औपचारिकतायें पूरी कर छात्रों को निम्न मानको के अनुसार प्रवेश देना सुनिश्चित करेंगे।
3. अतिरिक्त अंक निम्न प्रकार से आबंटित कर अन्तिम योग्यता सूची बनाकर प्रवेश दिया जायेगा।

(i) राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को क्रमशः 5 तथा 7 अतिरिक्त अंक देय होंगे।

(ii) एन.सी.सी. 'बी' प्रमाणपत्र धारक को 2 अंक, 'सी' प्रमाणपत्र धारक को 3 अंक तथा गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) को 5 अंक तथा राष्ट्रीय को 5 अंक, (अधिकतम 5 अंक)

(iii) राष्ट्रीय सेवा योजना 'ए', 'बी', प्रमाण पत्र धारक या 240 घंटे दो विशेष शिविरों को दो अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को 3 अंक तथा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतंत्र दिवस परेड को 5 अंक (अधिकतम 5 अंक)

(iv) स्काउट में पद सोपान -1, धारक को 1 अंक तथा पद सोपान-3 धारक को 2 अतिरिक्त अंक देय होंगे, निपुण धारक को 1 अंक, राज्य पुरस्कार को 2 अंक तथा राष्ट्रपति पुरस्कार को 3 अंक देय होंगे।(अधिकतम 5 अंक)

नोट :- उपरोक्त (ii)(iii)एवं (iv) में से प्रवेशार्थियों को किसी भी दशा में पांच अंकों से अधिक लाभ नहीं दिया जायेगा।

(अ) सेना में कार्यरत सैनिकों एवं केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीनस्थ अर्द्धसैनिक बलों के आश्रितों (पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, पौत्र-पौत्री) को 3 अंकों का लाभ सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर मिलेगा।

नोट :-

1. अधिकतम देय अंक 15 ही होंगे।
2. विश्वविद्यालय स्तर पर जिन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी उनके प्रवेश नियमों एवं तिथियों को अलग से प्रकाशित/प्रचारित किया जायेगा।

संकायवार प्रवेश नियम

(अ) कलासंकाय : बी.ए. पाठ्यक्रम

स्नातक कला वर्ग की बी.ए. प्रथमवर्ष में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट या समकक्षीप परिक्षा मे न्यूनम 40% अंक अनिवार्य है, परन्तु प्रवेश मेरिट के आधार पर उपलब्ध सीटों के लिए देय होंगे। प्रवेशार्थी को निम्नलिखित में से तीन विषय लेने होंगे।(वर्जित विषय समूह को छोड़कर) हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान। योग्यता सूचकांक हेतु बिन्दु 6 के समस्त नियम लागू रहेंगे।

प्रतिबन्ध

1. कोई भी छात्र/छात्रा हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी में से कोई दो विषय ले सकता है।
2. कोई भी छात्र/छात्रा मात्र दो प्रायोगिक विषयों का चयन कर सकता है।
3. कोई भी छात्र/छात्रा इतिहास, भूगोल में से एक विषय का ही चयन कर सकता है।
4. केवल वे छात्र भूगोल विषय ले सकते हैं जिन्होंने इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा भूगोल विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।

(ब)विज्ञान संकाय-

बी.एस.सी. प्रथम वर्ष में मैरिट के आधार पर उन्हीं छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा जो इण्टरमीडिएट स्तर तक विज्ञान के छात्र रहे हों तथा इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 45% अंक प्राप्त किये हों, परन्तु प्रवेश मेरिट के आधार पर उपलब्ध सीटों पर ही किये जायेंगे। प्रवेश हेतु योयता सूचकांक निर्धारण हेतु बिन्दु 6 के समस्त नियम लागू होंगे।

छात्र/छात्रा निम्नलिखित अनुवर्गों में से कोई एक अनुवर्ग ले सकते हैं।

1. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित

2. वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान

नोट :- अनुवर्ग का चयन करते समय प्रवेशार्थी को यह ध्यान रखना होगा कि व्यक्ति वैकल्पिक विषयों में से कम से कम दो ऐसे विषय होंगे जिन्हें छात्र-छात्रों ने इण्टरमीडिएट स्तर तक पढ़ा हो।

4

स्नातक प्रथम वर्ष के लिये विषय चयन सम्बन्धी निर्देश

(Instructions for Opting Subjects))

प्रवेश के सयम अभ्यर्थी भली-भाँति सोच समझकर अपनी अभिरूचि के अनुसार निम्न में से किन्हीं तीन विषयों का नियमानुसार चयन कर सकता है।

(अ) कला संकाय हेतु

1. हिन्दी 2. अर्थशास्त्र 3. इतिहास, 4. अंग्रेजी 5. राजनीतिशास्त्र
6. समाजशास्त्र 7. गृहविज्ञान 8. भूगोल 9. संस्कृत

(ब) विज्ञान संकाय हेतु

1. गणित 2. रसायन विज्ञान 3. भौतिक विज्ञान 4. जन्तु विज्ञान 5. वनस्पति विज्ञान

5

महाविद्यालय स्तर पर संकायवार सीटों की उपलब्धता –

8

Special applicable rules for admission in graduation

स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु विशेष रूप से अनुपालनीय नियम

1. एक बार चयन किये गये विषय का परिवर्तन संभव नहीं होगा।
2. प्रत्येक विषय में सीट निर्धारित है। अस्तु प्रवेश आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि तक प्रवेश आवेदन-पत्र अवश्य जमा हो जाने चाहिए। तदुपरान्त उच्चतर प्राप्ताँक वाले अभ्यर्थी भी प्रवेश पाने से वंचित रह सकते हैं। अन्तिम तिथि तक प्राप्त प्रवेश आवेदन-पत्रों को योग्यताक्रम (मेरिट) के अनुसार सूचीबद्ध कर प्रवेश हेतु संस्तुत एवं स्वीकृत कर दियें जायेंगे।
3. अभ्यर्थी का प्रवेश स्वीकृत हो जाने के उपरान्त सूचनापट्ट पर सूची चस्पा कर दी जायेगी। जिस पर शुल्क जमा करने की तिथि भी अंकित होगी। यदि दी गई तिथि के अन्तर्गत शुल्क जमा नहीं हो पाता है तो प्रवेश स्वत: निरस्त समझा जायेगा।

4. प्रवेश आबंटन पत्र संलग्न समस्त प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ स्वयं द्वारा सत्यापित (स्वप्रमाणित) होनी चाहिए।
5. एन्टी रैंगिग एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति सम्बन्धी शपथ पत्रों को भरकर जमा करने के साथ-साथ कार्यान्वित भी करें।
6. प्रवेश की अन्तिम तिथि (शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि) के उपरान्त अविचारित प्रवेश आवेदन-पत्र स्वत: निरस्त समझे जायेंगे।
7. संस्थागत अभ्यर्थी जो कि निर्दिष्ट छात्रवृतियों में एक से अधिक छात्रवृति हेतु पात्रता रखते हों, को मात्र एक छात्रवृत्ति ही अनुमन्य होगी।
8. प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी के अभिभावक (पिता/माता/वास्तविक संरक्षक) का महाविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। प्राचार्य के समक्ष उपस्थिति हेतु शपथपत्र पर अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के उपरान्त ही अभ्यर्थी का प्रवेश स्वीकृत किया जायेगा।

9.

शुल्क एंव उसका भुगतान

(Fee and ITS Mode of Payment)

महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी द्वारा राज्य निधि, छात्र निधि के अन्तर्गत पूरे सत्र का निर्धारित शुल्क एक किश्त में पंजाब नेशनल बैंक बडकोट में जमा किया जायेगा। विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय छात्र/छात्रा द्वारा पृथक से आनलाइन विश्वविद्यालय नियमानुसार देय होगा।

10

छात्र गणवेश

(Student Dress Code)

सत्र 2019-20 से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं के लिए गणवेश (Dress Code) निर्धारित की गयी है। सभी संस्थागत छात्र/छात्रायें कालेज यूनिफार्म धारण कर ही महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में प्रवेश करें। विस्तृत विवरण हेतु महाविद्यालय के सूचनापट्ट को देखे।

11

छात्रवृत्ति

(Scholarships)

विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियाँ जो छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराई जाती है निम्न है:-

1. अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्ति : माता/पिता/अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रु. 2.50 लाख से अधिक न होने पर स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्षों में छात्रवृत्ति समान दर से रु. 300.00 प्रतिमाह देय होगी।
2. पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति : माता/ पिता/अभिभावक के वार्षिक आय रु. 1.00 लाख से अधिक न होने पर स्नातक प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष में रु. 210.00 प्रतिमाह की दर से समाज कल्याण विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन पर देय होगी।
   अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति का भुगतान किसी भी राष्ट्रीयकृत बैक में खोले गये बचत खातों के माध्यम से ही किया जायेगा। छात्रवृत्ति आवेदन हेतु आवेदन ऑनलाइन होगा जिसका सत्यापन महाविद्यालय द्वारा होगा।
3. भूतपूर्व सैनिक छात्रवृत्ति : उक्त छात्रवृत्ति सम्बन्धित जिले के सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय से आवेदन प्राप्त किये जाने पर प्रदत्त होती है।
4. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी छात्रवृत्ति : यह छात्रवृत्ति स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों या आश्रितों के लिये है। इसके लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है। आवेदन पत्र जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर 10 अगस्त, तक प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर दिया जाना है।
5. दिव्यांग छात्रवृत्ति : दिव्यांग प्रतिशतता के आधार पर सभी दिव्यांगों को समाज कल्याण विभाग से देय होगा।
6. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति : यह छात्रवृत्ति इण्टरमीडिएट परीक्षा के आधार पर दी जाती है, स्नातक सतर पर रु. 75.00 प्रतिमाह है। छात्रवृत्ति नवीनीकरण हेतु आवश्यक प्रगति आख्या भरकर प्राचार्य से प्रमाणित कराकर अंक पत्र जिसमें 50 प्रतिशत से कम अंक न हों के साथ 31 जुलाई, तक उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी को प्रेषित किया जाता है।
7. इंसपायर छात्रवृत्ति : इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले एक प्रतिशत छात्रों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

12

निर्धन छात्र सहायता कोष

(Poor Boy's Fund)

ऐसे निर्धन एवं मेधावी छात्र जिन्हें किसी अन्य स्रोत से आर्थिक सहायता या शुल्क सहायता न मिल पायी हो वे संयोजक, छात्र कल्याण परिषद के पास इस कोष से सहायता हेतु आवेदन कर सकते हैं।

13

उपस्थिति नियम

(Rules of Attendance)

शासनादेश संख्या 528 (1) 15-(उ.शि.)71/97 दिनांक 11 जून 1997 के अनुसार कोई भी छात्र विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक प्राप्त नहीं कर सकेगा जब तक कि वह व्याख्यान और ट्यूटोरियल कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति पूरी नहीं करता है।

निम्नलिखित स्थिति में पूरे सत्र में किसी विषय में 6 प्रतिशत तक की छूट प्राचार्य द्वारा तथा 9 प्रतिशत छूट कुलपति द्वारा दी जा सकती है।

(अ) विद्यार्थी की लम्बी और गम्भीर बीमारी के बाद कक्षा में सम्मिलित होने के 15 दिनों के अन्दर यदि विद्यार्थी ने चिकित्सा प्रमाण पत्र दाखिल कर दिया हो।

(ब) इसी के समकक्ष किसी अत्यन्त विशेष स्थिति में समुचित कारण देने पर।

2. विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय द्वारा आयोजित एन.सी.सी. शिविर, खेलकूद-सास्कृतिक समारोह, राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर, रोवर्स-रेंजर्स शिविर, शैक्षणिक पर्यटन में भाग लेने अथवा भारतीय सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के लिए साक्षात्कार निमित्त जाने पर उपस्थिति न्यूनता मार्जन भर दिया जायेगा। बशर्ते कि सम्बन्धित सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र अनुपस्थित रहने के एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया गया है।

नोट:- प्रत्येक संस्थागत विद्यार्थी की शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। उपस्थिति कम होने पर विद्यार्थी को न केवल विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक दिया जायेगा बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स-रेंजर्स शिविरों में प्रतिभाग करने से भी वंचित कर दिया जायेगा तथा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन संस्तुत नहीं किये जायेंगे। साथ ही क्रीड़ा सांस्कृतिक गतिविधियों में भी प्रतिभाग नहीं कर पायेंगे। इस आशय का शपथ पत्र भी अभ्यर्थियों को देना होगा। कम उपस्थिति रहने पर अभिभावकों को भी सूचित कर दिया जायेगा।

14

महाविद्यालय पुस्तकालय

(Collage Library)

महाविद्यालय में लगभग 10,250 पाठ्य पुस्तकें संदर्भ ग्रन्थ उपलब्ध है। महाविद्यालय पुस्तकालय कार्य दिवसों पर प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे तक खुला रहता है। छात्र/छात्राओं की सुविधानुसार पुस्तक प्राप्त करने के लिये तिथि निर्धारित की जाती है और उन्हीं दिनों पुस्तकें निर्गत की जाती है।

1. सन्दर्भ पुस्तकें निर्गत नहीं होती।
2. पुस्तकों को सुरक्षित दशा में रखने की पूर्ण जिम्मेदारी पुस्तक लेने वाले छात्र/छात्रा की होगी। यदि कोई पुस्तक फट जाये अथवा खो जाये अथवा किसी भांति नष्ट हो जाये तो पुस्तकधारी छात्र/छात्रा को नई पुस्तक लौटानी होगी अथवा उसके मूल्य की धनराशि को जमा करना होगा।
3. परीक्षा से पूर्व पुस्तकों को लौटाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि पर पुस्तक न लौटाने पर निर्धारित अर्थदण्ड देय होगा।

15.

वाचनालय

(Reading Room)

छात्र/छात्राओं के लिये दैनिक समाचार पत्र एवं मासिक पत्रिकायें पढ़ने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए वाचनालय की व्यवस्था है। पत्र-पत्रिकाओं को वाचनालय से बाहर ले जाना वर्जित है। विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अतिरिक्त पुस्तक एवं पत्रिकाओं आदि को क्रय करने का सुझाव मिलने पर उन्हें क्रय करने की भी व्यवस्था की जा सकती है। विद्यार्थियों का आह्वान किया जाता है कि खाली समय पर पत्र-पत्रिकाओं को पढ़कर अपने सामान्य ज्ञान में वृद्धि करते रहें।

16.

(महाविद्यालय पत्रिका)

(Collage Magazine)

महाविद्यालय पत्रिका (युगशैल) का प्रकाशन किया जाता है। इस पत्रिका का उद्देश्य छात्रों में लेखन प्रतिभा का विकास करना है। छात्र/छात्राओं को चाहिए कि वे अपनी स्व-निर्मित रचनाओं को पत्रिका के संपादक मण्डल को हस्तगत करें। साथ ही सम्पादक मण्डल से रचना-लेख आदि के लिये उचित परामर्श एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त कर लें।

17.

कैरियर काउन्सलिंग एवं प्लेसमेन्ट सेल

(Career Counselling and Placement Cell)

वर्तमान प्रतिस्पर्द्धा के दौर में विद्यार्थियों में दक्षता, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने तथा रोजगारपरक सूचनाएं प्रदान करने हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक कैरियर काउन्सलिंग सेल की स्थापना की गयी है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की विभिन्न रोजगारपरक सूचनायें तथा उचित काउन्सलिंग कर स्वावलम्बन हेतु अभिप्रेरित किया जाता है। इच्छुक विद्यार्थी इस कैरियर काउन्सलिंग सेल में अन्य दिनों में भी परामर्श प्राप्त कर सकते है। प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को कक्षाएं संचालित की जाती हैं।

18.

कम्प्यूटर/इन्टरनेट सेल

(Computer/internet Cell)

महाविद्यालय स्तर पर कम्प्यूटर और इन्टरनेट सुविधा उपलब्ध है। अलग-अलग कक्षाओं के लिये निर्धारित समय पर उपस्थित होकर छात्र/छात्रा मूलभूत कम्प्यूटर साक्षरता तथा इन्टरनेट की जानकारी प्राप्तकर सकते है।

19.

पूर्वछात्र परिषद

(Alumni Association)

महाविद्यालय के विकास में भूतपूर्व छात्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सन 2010-2011 से महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद गठित की जा चुकी है। एतदर्थ महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि यदि उनके बड़े भाई/बहिन/अभिभावक अथवा सम्बन्धी इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हो तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत हों तो उनकी सूचना महाविद्यालय को उपलब्ध करायें एवं इसके लिये संलग्न निर्धारित प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर कार्यालय में जमा करेंगे। इस परिषद में प्राचार्य अध्यक्ष, वरिष्ठतम प्राध्यापक सचिव तथा भूतपूर्व छात्रों में से उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव किया जायेगा। पूर्व छात्र परिषद की बैठकें समय-समय पर संपादित की जायेंगी।

20.

अभिभावक–शिक्षक परिषद्

(Parent &Teacher Association)

महाविद्यालय के विकास में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में अभिभावक–शिक्षक परिषद गठित की जाती है। इस परिषद् मे प्राचार्य अध्यक्ष, वरिष्ठतम् प्राध्यापक सचिव तथा अभिभावकों में से उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव किया जायेगा। अभिभावक–शिक्षक परिषद बैठकें समय–समय पर संपादित की जायेंगी।

21.

महिला उत्पीड़न निवारण हेतु प्रकोष्ठ

(Women Cell)

माननीय सर्वोच्य न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न निवारण हेतु प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ के द्वारा महिला उत्पीड़न के मामलों की देख–रेख के अतिरिक्त छात्राओं के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए प्रशिक्षण, व्याख्यान, इन्डोर गेम्स, समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं की सुविधा आदि का प्रावधान है। इस प्रकोष्ठ में महिला सदस्यों की संख्या अधिक रखी जाती है।

22.

अनुशासन एवं शास्ता मण्डल

(Discipline and Proctorial Board)

शास्ता मण्डल महाविद्यालय में अनुशासन एवं स्वच्छ शैक्षिक वातावरण बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। शास्ता मण्डल का संयोजक मुख्य शास्ता (Chief Proctor) होता है, जिन्हें सहयोग करने हेतु शास्ता होते हैं। महाविहद्यालय के समस्त प्राध्यापक पदेन शास्ता मण्डल के सदस्य होते हैं। शास्ता मण्डल द्वारा समय–समय पर बनाए गये नियमों का अनुपालन करना समस्त छात्र/छात्राओं के लिए अनिवार्य है। अनुचित आचरण करने/नियमों का उल्लंघन करने पर शास्ता मण्डल सम्बन्धित विद्यार्थी को दण्डित कर सकता है। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थी किसी भी दशा में कानून अपने हाथ में न लें और बल प्रयोग न करें। यदि कोई शिकायत हों तो शास्ता मण्डल को लिखित सूचना दे ताकि मामले की छान–बीन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य अपराध :–

